Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:27 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरूवार
सुबह 6:08 बजे

सांध्य दैनिक
उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 244 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 26 मार्च 2025


दुआओं में बड़ी ताकत होती है...पेज-3 पर

News कॉर्नर

### फरार वारंटी को गिरफ्तार

**नैनीताल** । नगर की तल्लीताल थाना पुलिस ने लंबे समय से फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। वारंटी को न्यायालय में पेश किया गया है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर लंबे समय से फरार चल रहे वारण्टियों के विरुद्ध अभियान चलाया गया है। एसओ रमेश बोरा के नेतृत्व में पुलिस ने बसगांव निवासी 44 वर्षीय पूरन सिंह जीना को गिरफ्तार किया। वारंटी के खिलाफ एनआई एक्ट का वाद दर्ज था। वारंटी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तारी टीम में ज्योलीकोट चौकी इंचार्ज श्याम सिंह बोराए कांस्टेबल धर्मेंद्र साहनी व दीपक जोशी मौजूद थे।

### प्रतिभावान खिलाडियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन एवं मा0 मुख्यमंत्री खिलाडी प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के प्रतिभावान खिलाडियों को उदीयमान योजना के अन्तर्गत 1500 रूपये प्रतिमाह एवं प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत 2000 रूपये प्रतिमाह दिये जायेंगे। सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी ने बताया कि प्रतिभावान खिलाडियों के जनपद स्तरीय चयन प्रक्रिया के लिए शासन के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष तथा जिला क्रीडा अधिकारी/मुख्य शिक्षा अधिकारी/जिला युवा कल्याण अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी नामित किया है। बाजपेयी ने बताया कि प्रत्येक न्याय पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका, विकास खण्ड एवं नगर निगम में चयन, ट्रायल 18 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025 तथा जनपद स्तरीय चयन प्रक्रिया 26 अप्रैल से 29 अप्रैल तक होंगे। उन्होने बताया प्रत्येक आयु वर्ग के 2-2 बालक एवं बालिकाओं का सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक द्वारा चयन किया जायेगा इसके पश्चात चयनित खिलाडी न्याय पंचायत स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। बाजपेयी ने बताया कि पंजीकरण हेतु आधार कार्ड, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, बैंक खाता विवरण एवं पासपोर्ट साईज फोटो होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया छात्रवृत्ति के लिए ज्ञीमसवनाण्पद पर ऑनलाईन पंजीकरण भी अनिवार्य है।

# सीएम धामी ने 14 विकास कार्यों का किया शुभारंभ व लोकार्पण

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

सरकार के सेवा, सुशासन एवं विकास के 3 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी ने 2929.53 की लागत के 7 विकास कार्यों का शिलान्यास व 1021.89 लाख की लागत के 7 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। जिसमे 494.89 लाख की लागत से गौशाला निर्माण, 60.11 लाख की लागत से बिगवाड़ा शमशान घाट में स्व शहीद वीरेन्द्र सिंह सामन्ती स्मृति में चाहर दीवारी, मुख्य द्वार, क्रियाघर जीर्णोद्धार एवं टाईलिंग कार्य, 49.72 लाख से नगर निगम क्षेत्रान्तार्गत सब्जी मंडी का जीर्णोद्धार, 39.89 लाख से 5 ग्रीन पार्क सौन्दर्यकरण, 165.09 लाख से



4 हाईटेक शौचालय निर्माण, 1801.93 लाख से कलेक्ट्रेट परिसर में जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण कार्यालय भवन निर्माण व 317.90 लाख की धनराशि से निर्माणाधीन किच्छा नवीन बस अड्डे के मुख्य द्वार पर आवगमन व निकासी हेतु पुलिया निर्माण कार्यो का शिलान्यास किया । इसके साथ ही सीएम ने 601.49 लाख से निर्मित वेन्डिंग जोन, 171.23 लाख से वेस्ट प्लांट निर्माण कार्य, 34.15 लाख की धनराशि से ट्रांजिट कैंप में स्ट्रीट लाईट, 43.87 लाख से एबीसी सेंटर कार्य, 171.83 लाख की लागत से एफएसटीपी सेंटर कार्य व नगर निगम रूद्रपुर कार्यालय में कमांड सेंटर एवं स्वच्छता एप व नगर निगम जोनल कार्यालय का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान सीएम ने वेंडिंग जोन में 15 गरीब रेडी, ठेली वालों को दुकानों की चाबियां सौपी। इस अवसर पर सीएम को त्रिशूल दिया गया। मुख्यमंत्री ने सेवा सुशासन एवं विकास के 3 साल पूर्ण होने पर जनपद की 9 विधानसभाओ हेतु 9 जन सेवा प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएम ने बहुद्देशीय शिविर में स्टॉलो का निरीक्षण किया व दही मथकर मखन निकाला। उन्होने स्टॉलो की सराहना भी की। उत्तराखण्ड राज्य स्थापना हेतु अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देने वाले अमर बलिदानियों तथा समस्त आंदोलनकारियों को कोटि-कोटि नमन करता हूँ। उन्होंने कहा कि इन तीन वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से हमारी सरकार ने प्रदेश में ''सेवा, सुशासन और विकास'' की एक गाथा लिखने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि बाईपास का निर्माण कार्य पूरा करने के साथ ही 1152 करोड़ रूपए की लागत से रूद्रपुर बाईपास का निर्माण कार्य भी किया जा रहा है इस अवसर पर विधायक काशीपुर त्रिलोक सिंह चीमा, महापौर काशीपुर दीपक बाली, राज्य मंत्री अनिल कपूर डब्बू, प्रशासक जिला पंचायत रेनू गंगवार, अध्यक्ष नगर पालिका खटीमा रामू जोशी, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, डॉ प्रेम सिंह राणा,रामपाल सिंह के अलावा आयुक्त कुमांऊ दीपक रावत, डीएम नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, सीडीओ मनीष कुमार, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण जय किशन, डीडीओ सुशील मोहन डोभाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

रक्षा मंत्रालय ने 6,900 करोड़ रुपये के अनुबंध पर किए हस्ताक्षर

# अब भारतीय सेना को एक नई ताकत मिलेगी

**नई दिल्ली**
**एजेंसी**

रक्षा मंत्रालय ने आज एडवांस टोड आर्टिलरी गन सिस्टम और हाई मोबिलिटी गन टोइंग व्हीकल्स की खरीद के लिए 6,900 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। मंत्रालय के इस अनुबंधन से अब भारतीय सेना को एक नई ताकत मिलेंगी। साथ ही सेना की हथियारों और उपकरणों की क्षमता को और बढ़ावा मिलेगा।

रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को भारत फोर्ज लिमिटेड और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के साथ दो महत्वपूर्ण अनुबंध किए हैं। इन अनुबंधों के तहत, एडवांस टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) और हाई मोबिलिटी गन टोइंग व्हीकल्स की खरीद की जाएगी, जिनकी कुल लागत लगभग 6,900 करोड़ रुपये है। रक्षा मंत्रालय के द्वारा जारी आधिकारिक बयान में बताया गया कि इन सौदों के साथ, चालू वित्त वर्ष में अब तक



पूंजीगत खरीद के लिए मंत्रालय द्वारा 1.40 लाख करोड़ रुपये के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इससे भारतीय सेना की हथियारों और उपकरणों की क्षमता को और बढ़ावा मिलेगा। मामले में रक्षा मंत्रालय ने आगे बताया कि 155 मिमी/52 कैलिबर एटीएजीएस तोप पुराने और छोटे कैलिबर की तोपों की जगह लेगी। इससे भारतीय सेना की तोपखाने की क्षमताओं में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी। इस गन सिस्टम की खरीद तोपखाने रेजिमेंट के आधुनिकीकरण में एक अहम कदम है, जो सेना की परिचालन तत्परता को बेहतर बनाएगी। इसके साथ ही रक्षा मंत्रालय ने बताया कि एटीएजीएस अपनी असाधारण मारक क्षमता के लिए प्रसिद्ध है, और यह सटीक और लंबी दूरी के हमलों को सक्षम करके सेना की मारक क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस तोप प्रणाली से भारतीय सेना की स्ट्राइक क्षमता में वृद्धि होगी, जो युद्ध में उसे एक बड़ी ताकत प्रदान करेगा। साथ ही इन नई प्रणालियों से भारतीय सेना के तोपखाने को और अधिक सक्षम, तेज और प्रभावी बनाया जाएगा, जिससे देश की सुरक्षा और ताकत में और अधिक इजाफा होगा।

# उत्तराखंड सरकार के तीन साल पूर्ण होने पर बहुउद्देशीय शिविर

**नैनीताल/ भीमताल**
**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड सरकार के गौरवपूर्ण 3 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को भीमताल ब्लॉक में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा लोगों की समस्याएं का निस्तारण किया गया,शिविर में दिव्यांगों को बैसाखी, एक व्हील चेयर प्रदान की गई। साथ ही गरीब लड़कियों की शादी के लिए शादी अनुदान के रूप में 50000 के तीन चेक भी लाभार्थियों को वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य कैम्प लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा दी गई।

इस दौरान भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, जिला समाज कल्याण अधिकारी विश्वनाथ गौतम मौजूद रहे। वहीं विकास खण्ड रामगढ़ के सभागार में भी बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 10 पेंशन सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण किया गया व 02 पात्र दिव्यांगों को व्हीलचेयर वितरित की गई स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि गणमान्य नागरिक, विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



# दो स्मैक तस्करों को हजारों रुपए की स्मैक समेत गिरफ्तार किया

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

पुलिस ने दो स्मैक तस्करों को हजारों रुपए की स्मैक सहित गिरफ्तार किया पकड़े गए आरोपी दोनों लालकुआं कोतवाली में गैंगस्टर के आरपी हैं। अल्मोड़ा जिले के रहने वाले हैं और हल्द्वानी व लालकुआं समेत अन्य जिलों में गिरोह बनाकर स्मैक तस्करी करते थे। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष दीपक बिष्ट ने बताया कि 22 जून 2024 को लालकुआं पुलिस ने अल्मोड़ा के मल्ला जोशी खोला निवासी अभिषेक नेगी व गंगोली मोहल्ला अल्मोड़ा निवासी सोवित नेगी स्मैक तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया था। जो वर्तमान में जेल से बाहर



थे। उन्होंने बताया कि आरोपितों की आपराधिक गतिविधियों के बारे में अन्य थानों व जिले से जानकारी प्राप्त की गई तो उनके विरुद्ध अल्मोड़ा व अन्य थानों में भी स्मैक तस्करी के केस पाए गए। आरोपित संगठित अपराध के क्रियाकलाप में लिप्त पाये गए। दोनों के विरुद्ध इसी वर्ष गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज किया गया। इस मामले की विवेचना उच्चाधिकारियों ने काठगोदाम थाने को ट्रांसफर कर दी थी। बुधवार को पुलिस ने दोनों आरोपितों को हल्द्वानी से गिरफ्तार कर लिया।

# आईपीएल में सट्टा लगाने में सटोरिये खाकी को चुनौती देने के लिए तैयार

**उत्तरांचल दीप**
**सलीम खान हल्द्वानी**

आईपीएल मैच का 18 वा सीजन का आगाज 22 मार्च हो गया इसका 25 मई को समापन होगा आई पी अल में10 टीमों ने भाग लिया इस टूर्नामेंट में 74 मुकाबले खेले जाने। इस टूर्नामेंट के शुरू होने से आईपीएल में सट्टा लगाने वालों में खुशी की लहर देखी जा रही है नगर के अंडरग्राउंड सटोरियों ने आईपीएल के मैचों पर सट्टा खिलाने के लिए कमर भी कस ली है, ओर यह सटोरिये खाकी को चुनौती देने के लिए तैयार है । आईपीएल के हर मैच में सटोरिये करोड़ों रुपयों का सट्टा लगा कर पुलिस को चुनौती देते नजर आ रहे हैं। सट्टे का कारोबार लंबे समय से शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी जड़े मजबूती से जमा रखी है। सूत्रों की माने तो सट्टे के अवैध कारोबार से जुड़े सफेदपोश लोगों के लिए आईपीएल व क्रिकेट मैचों का आगाज किसी दिवाली से काम नहीं है। पूरे आईपीएल के दौरान डिब्बे का कनेक्शन वर्ड से 3 हजार में मिलता है। डिब्बे का कनेक्शन एक खास नंबर होता है जिसे डायल करते ही उस नंबर पर कमेंट्री शुरू हो जाती है। सट्टा आईपीएल मैच में 2 सेशन में लगता है। दोनों सेशन 10-10 ओवर के होते हैं। बात हो रही है आईपीएल पर सट्टे बाजार की, पूरे देश में इन दिनों करोड़ों का सट्टा खेला जाता है।

### सट्टे के भाव को बोला जाता है डिब्बे की आवाज

इस खेल की टेक्निक भी अजीबो गरीब है, सट्टा लगाने वाले शख्स को लाइन कहा जाता है, जो एजेंट यानी पंटर के जरिए से बुकी (डिब्बे) तक करता है। कि एजेंट को एडवांस देकर एक अकाउंट ऐप खुलवाना पड़ता है, जिसकी एक लिमिट होती है सट्टे के भाव को डिब्बे की आवाज बोला जाता है। आईपीएल क्रिकेट में सट्टेबाज 20 ओवर की लंबी पारी, 10 ओवर को सेशन और 6 ओवर तक सट्टा लगाने की छोटी पारी खेलना कहते हैं। वहीं मैच की पहली गेंद से लेकर टीम के जीत तक भाव चढ़ते उतरते हैं। वहीं अगर किसी ने दांव लगा दिया और वह कम करना चाहता है तो फोन कर एजेंट को कहना पड़ता है। इसमें खास बात यह है कि यह पूरा नेटवर्क लैपटॉप, मोबाइल, वॉइस रिकॉर्डर पर ही चल रहा है। एहतियात इतनी बरती जाती है कि एक बार कोई मोबाइल नंबर यूज हो गया तो उसे दोबारा इस्तेमाल नहीं किया जाता है।



*आईपीएल मैच पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। आईपीएल में सट्टा लगाने वालों को पुलिस किसी भी हाल में नहीं छोड़ेगी सट्टा लगाने वाले सट्टेबाजों को पकड़ने के लिए टीम तैयार की जा रही है जो बड़े-बड़े सट्टेबाजों को शीघ्र पकड़ कर उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी।*

***-रिद्धिम अग्रवाल आईजी कुमाऊं***

# कुमाऊं आयुक्त ने किया पालिका क्षेत्र में भ्रमण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं आयुक्त/ सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने मंगलवार को मंडल मुख्यालय नैनीताल में नगर पालिका क्षेत्र के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ भ्रमण कर निर्माणाधीन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने सबसे पहले तल्लीताल पहुंचकर जीवनदायिनी नैनी झील के वर्तमान जल स्तर आदि के बारे में सिचाई विभाग के अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान मुख्य अभियंता( सिंचाई) ने बताया कि इस वर्ष सर्दियों में सामान्य से कम बारिश होने से झील का जल स्तर थोड़ा कम हुआ है जिस सम्बन्ध में आयुक्त दीपक रावत ने सिचांई विभाग के अधिकारियों को एनआईएच एजेंसी से वार्ता कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए,साथ ही उन्होंने वैज्ञानिक तरीके से जांच कराते हुए सर्वे रिपोर्ट उपलब्ध कराने की बात कही, जिससे अप्रैल माह में ड्रेजिंग कार्य मैनुवली तरीके से किया सके। इस दौरान अधिकारियों ने आयुक्त



रावत को बताया कि नैनी झील में पहाड़ों से 6 जल स्रोत (नाले) आते हैं, जिनका नियमित तौर पर सफ ाई और अन्य कार्य कराए जाने हेतु सिंचाई विभाग को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी आयुक्त द्वारा दिए गए। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य को कराए जाने हेतु विकास प्राधिकरण से धनराशि उपलब्ध करायी जाएगी। आयुक्त ने मॉल रोड में धंस रही सडक़ का स्थलीय निरीक्षण के दौरान लोनिवि के अधीक्षण अभियंता से सडक़ की मरम्मत की जानकारी ली।अधीक्षण अभियंता ने बताया कि मॉल रोड में 40 मीटर लम्बाई में ट्रीटमेंट कार्य हेतु 3 करोड़ 49 लाख रुपए की धनराशि प्राप्त हुई हैए साथ ही सडक़ मरम्मत कार्य गतिमान हैं।इस सम्बंध में आयुक्त ने सडक़ मरम्मत का कार्य पर्यटन सीजन से पूर्व करने को कहा। इस दौरान आयुक्त ने मानस खंड मंदिर माला के अन्तर्गत धार्मिक पर्यटन को बढ़ाए जाने हेतु सरकार द्वारा नैना देवी मंदिर के सौन्दर्यीकरण आदि सुविधाओं हेतु जारी 11 करोड़ 1 लाख की लागत से लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे सौन्दयीकरण कार्यों का निरीक्षण कर कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने दो महीने के भीतर कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान बताया कि उक्त कार्य के अन्तर्गत 16 नई दुकानें भी बनायी गयी है आयुक्त ने संबंधितों को दुकानें तत्काल हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। ठंडी सडक़ निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग द्वारा पाषाण देवी मंदिर के निकट 9 करोड़ रुपए की लागत से किए जा रहे पहाड़ी के ट्रीटमेंट कार्य प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पर्यटन विभाग की ओर से बनाए गए व्यू प्वाइंट का बेहतर रख रखाव और पुलिस विभाग को ठंडी सडक़ क्षेत्र का समय समय पर गश्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने झील के वातन प्रक्रिया आदि की जांच हेतु लगाए गए सयंत्र का भी निरीक्षण करते हुए आवश्यक जानकारी लेते हुए सचिव जिला विकास प्राधिकरण को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता (सिंचाई) संजय शुक्ला, संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता लोनिवि मनोहर सिंह धर्मशक्तू तथा सिंचाई एन खरे, अधिशासी अभियंता लोनिवि रत्नेश सक्सेना, जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी समेत अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



# ड्रग एसोसिएशन नैनीताल हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल बीनू गुलयानी द्वारा नगर निगम हल्द्वानी मे सुरक्षित दवा सुरक्षित जीवन अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दवाइयां का प्रयोग चिकित्सक के परामर्श के बिना नहीं करना चाहिए, दवाइयां खरीदते समय ध्यान रखना चाहिए की दवाइयां को एक्सपायरी डेट देखकर ही खरीदना चाहिए, यदि कोई मेडिकल स्टोर एक्सपायरी डेट वाली दवाइयां को बेचता है तो उसे पर कानूनी कार्रवाई की जाती है तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के क्रियाकलाप, निशुल्क विधिक सहायता, स्थायी लोक अदालत, मासिक लोक अदालत, राष्ट्रीय लोक अदालत, ,नालसा की विभिन्न योजनाएं,नलसा टोल फ्री नंबर - 15100,पोश अधिनियम , मोटर वाहन संबंधी नियम आदि विषय पर भी जानकारी दी गई ।जागरूकता शिविर में,ड्रग इंस्पेक्टर मीनाक्षी बिष्ट द्वारा दावा के खरीद बिक्री, एक्सपायरी डेट की दवा का स्टोरेज एवं डिस्पोजल,बिल के आवश्यक विवरण आदि बिंदुओं पर जानकारी दी। ई ओ नगर पालिका श्री मनोज काण्डपाल द्वारा शिविर में ठोस अवशिष्ट प्रबंधन के विषय पर जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन पीएलवी श्री कैलाश चंद्र जोशी द्वारा किया गया।

# दि कुर्माचल नगर सहकारी बैंक की 49वीं शाखा का शुभारम्भ

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

दि कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक लि. नैनीताल की 49वी शाखा गैस गोदाम रोड का शुभारम्भ बैंक के अध्यक्ष विनय साह द्वारा रिबन काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बैंक के संचालक सदस्य रघुराज सिंह, केशर सिंह मेहरा एवं डॉ केदार पलडिया मौजूद रहें। इस मौके पर अध्यक्ष विनय साह ने कहाँ कि ग्राहकों की सेवा में तत्पर कुर्मांचल बैंक की आज 49वी शाखा का शुभारम्भ हुआ है। बैंक द्वारा अपनी उत्तम ग्राहक सेवा से अपनी विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने कहाँ कि बैंक अपने ग्राहकों को नवीनतम तकनीकी सुविधाओं सहित सम्पूर्ण बैंकिंग सेवाए उपलब्ध करवाने के लिये प्रतिबद्ध है। शुभारम्भ के मौके पर बैंक सचिव अक्षय कुमार साह, शाखा प्रबंधक विनोद कुमार पांडेय, हरीश चंद्र साह, दिनेश चंद्र जोशी, सुनील कुमार लोहनी, राजेंद्र सिंह मेहरा, आदर्श बिष्ट, गीतांजलि तिवारी, विवेक साह, विपिन रावत, दिशा चौधरी मौजूद रहें।



## NEWS / फटाफट

### कार की टक्कर से घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मृत्यु

**रुद्रपुर।** बिलासपुर मार्ग पर कार की टक्कर से घायल हुए साईकिल सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने आरोपी कार चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। जयवीर पुत्र वीरपाल निवासी ग्राम धनौरा, थाना भमौरा, जिला बरेली का कहना है कि 18 मार्च को उसका भाई ओमपाल अपने किराये के आवास अभिमन्यु कॉलोनी सॉउथ, थाना बिलासपुर, रामपुर से साईकिल से किसी निजी कार्य निपटाकर रूद्रपुर से अपने निवास स्थान को आ रहा था। वह एएलपी कंपनी के पास रात्रि में पहुंचा कार चालक ने उसके भाई की साईकिल में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज हेतु सुशीला तिवारी अस्पताल ले गये। वहां से इलाज में सुधार न मिलने पर 19 मार्च को भोजीपुरा चिकित्सालय में भर्ती कराया। 21 मार्च को इलाज के दौरान भाई की मृत्यु हो गयी। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर आरोपी कार चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण तीसरे दिन भी जारी



**नैनीताल ।** सीएम बीएडीपी योजना के तहत कुमाऊँ मंडल विकास निगम द्वारा संचालित तीसरे चरण का विकासखंड कनालीछीना के छात्र-छात्राओं का रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण तीसरे दिन भी जारी रहा। कुमाऊ मंडल विकास निगम के प्रबंधक (साहसिक पर्यटन) दिनेश गुरुरानी ने कहा कि प्रात- छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता कार्यक्रम, प्रार्थना तथा राष्ट्रगान तथा हिमालय बचाओं शपथ के तहत गुरना देवी मंदिर परिसर में पौधारोपण किया तथा पूर्व में लगे हुए पौधों में पानी डाला। उन्होंने कहा कि निगम के प्रशिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को सरयू नदी में पेडलिग तैराकी सहित नदी रेस्क्यू कार्यक्रम की जानकारी दी गई । गुरुरानी के मुताबिक छात्र- छात्राएं प्रशिक्षण को लेकर उत्साहित हैं। प्रशिक्षण राजेंद्र सिंह, पद्म सिंह, वेद प्रकाश भट्ट द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में 21 छात्र- छात्राएं प्रतिभाग कर रही हैं।

### मरीजों और तीमारदारों को टीबी के प्रति जागरूक किया



**नैनीताल।** जिला चिकित्सालय बीडी पांडे नैनीताल में टीबी दिवस के अवसर पर उपचार के साथ ही मरीजों और तीमारदारों को टीबी के प्रति जागरूक भी किया गया। अस्पताल के चेस्ट फिजीशियन डॉ. अभिषेक गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष 24 मार्च को विश्व क्षयरोग दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य लोगों में क्षय रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा टीबी के कारण, लक्षण और बचाव के तरीकों के बारे में लोगों को जागरूक करना है। कहा कि इस वर्ष की थीम हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं- प्रतिबद्ध, निवेश, उद्धार रखी गई है। टीबी उन्मूलन के लिए 100 दिवसीय विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टीबी शरीर के किसी भी अंग में हो सकता है लेकिन यह रोग आमतौर पर फेफड़ों को प्रभावित करता है। जिसमें खांसी, बुखार, थकान और वजन कम होने जैसे लक्षण हो सकते हैं। यह एक संक्रामक बिमारी है और यह बच्चों से लेकर बूढों तक किसी को भी हो सकता है। यदि इसका समय से उपचार करा लिया जाए तो यह आसानी से ठीक हो सकता है। कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति को 2 सप्ताह से अधिक समय तक लगातार खांसी हो तो बलगम की जांच अवश्य कराएं। तथा टीबी से सम्बन्धित कोई भी लक्षण नजर आएं तो तुरंत चिकित्सक से परामर्श लेकर उपचार कराएं।

### 263वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल ।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को जारी करने को लेकर राज्य में किया जा रहा है अनूठा पौधरोपण आंदोलन मंगलवार को 263वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों ने गुरना देवी मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया। पौधारोपण कार्यक्रम में शेर सिंह, हर सिंह, पद्म सिंह, वेद प्रकाश, सौरभ खोलिया तथा नरेंद्र थापा सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# विश्व क्षय रोग दिवसपर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैंसी कॉलेज ऑफ नर्सिंग ज्योलिकोट नैनीताल में विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर छात्राओं द्वारा रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षय रोग (टीबी) के प्रति लोगों को जागरूक करना और इसके बचाव एवं उपचार की जानकारी देना था।

छात्राओं ने ज्योलिकोट एवं आसपास के क्षेत्रों में जाकर स्थानीय समुदाय को टीबी के लक्षणों (जैसे लगातार 15 दिन तक खांसी और बुखार, भूख कम लगना, वजन घटना, शारीरिक कमजोरी, सिरदर्द और गले में खराश) आदि के बारे में बताया, साथ ही उन्होंने इस बीमारी से बचाव के उपायों पर जोर दिया जिसमें मास्क का उपयोग तथा साफ सफ ाई बनाए रखना और समय पर दवा का पूरा कोर्स करना शामिल है। छात्राओं ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे टीबी उन्मूलन अभियान के बारे में भी जानकारी दी और लोगों को लक्षण महसूस होने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर टीबी के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने और इसके सही इलाज की जानकारी देने का प्रयास किया।

इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह, चेयरपर्सन श्रीमती मंजू सिंह एवं प्रिंसिपल अल्फ ोंसा मैथ्यू ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्राओं को उनकी सामाजिक सेवा भावना के लिए बधाई दी और आगे भी ऐसे अभियानों में सक्रिय भागीदारी की प्रेरणा दी।

# दो दिवसीय फेस्टिवल ऑफ मल्टिपल इंटेलिजेंस का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

ऑल सेंट्स कॉलेज नैनीताल में कार्यवाहक प्रधानाचार्या अंजना रिचर्ड्स के नेतृत्व में दिल्ली की प्राइमरी प्लस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से दो दिवसीय फेस्टिवल ऑफ मल्टिपल इंटेलिजेंस का विशेष आयोजन किया गया।

इससे पूर्व फेस्टिवल का अंजना रिचर्ड्स ने फ ीता काटकर उद्घाटन किया, जिसके बाद विभिन्न रोचक और शिक्षाप्रद गतिविधियों की शुरुआत हुई। छात्राओं ने ऐरोबिक्स और डांस के माध्यम से शरीर और मन के समन्वय को सीखाए जबकि वॉल क्लाइंबिंग और जिप लाइन जैसी रोमांचक गतिविधियों ने उनमें आत्मनिर्भरता और साहस का संचार किया। रेसिन आर्ट और डूडलिंग के ज़रिए उनकी रचनात्मक अभिव्यक्ति को नया आयाम मिलाए वहीं लूमिंग कैंप में सिलाई और पैटर्न की समझ ने उनकी एकाग्रता और धैर्य को बढ़ाया। तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्क्रीन फ्री रोबोटिक्स सत्र आयोजित किया गयाए जहाँ छात्राओं ने कोडिंगए इलेक्ट्रॉनिक्स और नवीन सोच के गुर सीखे। स्टोरी टेलिंग कार्यशाला में उन्होंने भाषण कला और विचारों की प्रभावी प्रस्तुति का अभ्यास किया। दिल्ली से आईं विशेषज्ञ प्रशिक्षक नीतू बेदी और आँचल मल्होत्रा साथ ही विद्यालय की शिक्षिकाओं ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। कार्यवाहक प्रधानाचार्या श्रीमती अंजना रिचर्ड्स ने इस आयोजन को छात्राओं के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि यह उन्हें पारंपरिक शिक्षा से आगे बढक़र व्यावहारिक जीवन कौशल सीखने और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देता है।





# अभिमत

## कब तक इंतजार?

**उत्तराखंड को ऊर्जा प्रदेश बनाने का शोर राज्य बनने से पहले से हो रहा था। हालत यह है कि अपनी जरूरत की बिजली का राज्य में उत्पादन नहीं हो रहा है। ग्रीष्मकाल में ऊर्जा संकट गहरा जाता है। हर साल वैकल्पिक प्रबंध का आश्वासन दिया जाता है। इस बार भी कहा जा रहा है कि उत्तराखंड का बिजली संकट थर्मल पावर से हल होगा। केन्द्रीय कोयला मंत्रालय से उत्तराखंड को कोल ब्लॉक आवंटित किया गया है। थर्मल पावर के रूप में 1350 मेगावाट बिजली उपलब्ध होगी। कब उपलब्ध होगी, यह सुनिश्चित नहीं है।**

पर्वतीय क्षेत्र के पिछड़ा होने के कारण पृथक राज्य के लिए आंदोलन किया गया था। उत्तर प्रदेश से अलग उत्तराखंड राज्य का गठन हुए 25वां साल चल रहा है। राज्य के विकास के दावों की पोल समय-समय पर खुलती रहती है। उत्तराखंड को ऊर्जा प्रदेश बनाने का शोर राज्य बनने से पहले से हो रहा था। हालत यह है कि अपनी जरूरत की बिजली का राज्य में उत्पादन नहीं हो रहा है। ग्रीष्मकाल में ऊर्जा संकट गहरा जाता है। हर साल वैकल्पिक प्रबंध का आश्वासन दिया जाता है। इस बार भी कहा जा रहा है कि उत्तराखंड का बिजली संकट थर्मल पावर से हल होगा। केन्द्रीय कोयला मंत्रालय से उत्तराखंड को कोल ब्लॉक आवंटित किया गया है। थर्मल पावर के रूप में 1350 मेगावाट बिजली उपलब्ध होगी। कब उपलब्ध होगी, यह सुनिश्चित नहीं है। अभी तो कंपनियों के साथ करार नहीं हुआ है। सबसे सस्ती बिजली उपलब्ध कराने वाली कंपनियों से करार होगा। अब यह भी कहा जा रहा है कि थर्मल पावर को सबसे भरोसे की बिजली माना जाता है। राज्य का गठन वर्ष 2000 में हुआ था। वर्ष 2002 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी ने सबसे पहले थर्मल पावर पर काम करते हुए उत्तराखंड को पावर सरप्लस राज्य बनाने का सपना देखा था। उसके बाद किसी सरकार ने थर्मल पावर के लिए प्रयास नहीं किया। वर्तमान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कवायद शुरू की है, लेकिन यह सपना शीघ्र साकार होने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। वर्तमान में राज्य का अपना बिजली उत्पादन 1400 मेगावाट है। सामान्य दिनों में बिजली की मांग 22 से 24 सौ मेगावाट है। गर्मियों के पीक सीजन में 2800 मेगावाट की जरूरत होती है। इस साल फरवरी से ही गर्मी पड़ने लगी। स्वाभाविक है कि मई और जून में गर्मी के प्रकोप के दौरान बिजली की मांग इस बार और ज्यादा होगी और फिलहाल विकल्प नजर नहीं आ रहा है। उत्तराखंड में पनबिजली भरोसेमंद नहीं है। नदियों में जल हमेशा एक जैसा नहीं रहता है। बरसात में सिल्ट आने से जलविद्युत संयंत्रों से पर्याप्त बिजली नहीं मिलती है। राज्य में गैस आधारित बिजली संयंत्रों से पावर कारपोरेशन बिजली नहीं लेता है। ऊर्जा निगम के अधिकारियों का कहना है कि गैस आधारित बिजली महंगी है। इन परिस्थितियों में ऊर्जा प्रदेश के लोगों को बिजली संकट से जूझना पड़ रहा है और शीघ्र समाधान की उम्मीद बेमानी है।

# बागेश्वर ने 2 विकेट से जीता पहला मुकाबला

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वावधान में जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतरजनपदीय लीग के मुकाबले शुरू हो गये, हल्द्वानी के जी एन जी क्रिकेट एरिना में बागेश्वर और उधमसिंह नगर के मध्य खेला गया,बागेश्वर के कप्तान नीरज राठौर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया,उधमसिंह नगर ने बल्लेबाजी करते हुऐ 38 ओवर में सभी विकेट खोकर 244 रन बनाये, रणजी खिलाड़ी अवनीश सूदा ने 8 चौके 1 छक्के की मदद से 60 रन बनाये,अभिमन्यु सिंह ने 6 चौके 1 छक्के की मदद से 61 रन,शशांक पंत ने 33 रन,प्रखर वर्मा ओर आर्यन चौधरी ने 30-30 रन का योगदान दिया, बागेश्वर के लिये प्रताप सिंह ने 4 विकेट जबकि मो नाजिम और विलास जोशी ने 2-2 विकेट लिये,जबाव में खेलने उतरी बागेश्वर जिले की टीम ने निर्धारित लक्ष्य को 38 वे ओवर में 8 विकेट खोकर 2 विकेट से मैच जीत लिया,टीम के लिये नीरज राठौर ने 4 चौके 5 छक्के की मदद से 69 रन,मो हारून ने 8 चौके 2 छक्के की मदद से 52 रन,निखिल भट्ट ने 6 चौके 1 छक्के की मदद से 47 रन का योगदान दिया ,उधमसिंह नगर के शशांक पंत -मो फैज ने 2-2 विकेट लिये,दूसरा मैच रामनगर के कोशिकी मैदान में हरिद्वार और टिहरी के मध्य खेला गया,टिहरी ने पहले खेलते हुऐ 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 240 रन बनाये, जबाव में हरिद्वार की टीम 33 वे ओवर में 145 रन पर आउट होकर मैच को 95 रन से हार गई,मैच के अंपायर विजय आर्या - सुमित गुप्ता जबकि स्कोरर मनीष थे ,इससे पहले मैच के मुख्य अतिथि कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया,इस मौके पर सीएयू के पूर्व कोषाध्यक्ष दीपक मेहरा, पूर्व दर्जा मंत्री सुहैल सिद्दीकी, क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अल्मोड़ा सचिव हर्ष गोयल,जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, किशन अनेरिया, आनंद बिष्ट, नीरज भट्ट,अमित कांडपाल, दिग्विजय कनवाल,मनोज भट्ट,नरेंद्र अधिकारी, निश्चल जोशी,सुंदर कपकोटी,जीत सिंह मौजूद रहे,बुद्धवार को हल्द्वानी में जी एन जी मैदान में हरिद्वार और बागेश्वर के मध्य जबकि रामनगर के कौशिकी मैदान में चंपावत ओर टिहरी के मध्य खेला जा रहा है।




### जीप दौड़ाने का मामले में लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई

**नैनीताल।** नगर की मल्लीताल बाजार की सीढ़ियों पर दो दिन पूर्व देर रात युवक के जीप दौड़ाने का मामला सामने आ रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने सीसी टीवी कैमरों की मदद से रामपुर से युवक को बुलाकर उसकी जीप सीज कर दी है साथ ही लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई भी की जा रही है। जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार देर रात का एक वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हुआ।


### नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुनीता सीपाल पुत्री सुंदर सिंह सीपाल निवासी ग्राम बलुवाकोट तहसील धारचूला पिथौरागढ़ विवाहोपरान्त मेरा नाम सुनीता गोश्वामी पत्नी सुरेश नाथ गोश्वामी निवासी श्रीरामपुर बंदोबस्ती देवलचौड़ बन्दोबस्ती हो गया है। भविष्य में मुझे सुनीता गोस्वामी के नाम से जाना व पहचाना जाए।


# क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को अनदेखा करने को लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे बेतालघाट के लोग

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के बेतालघाट ब्लाक के वाशिंदों ने बार-बार आग्रह करने के बाद भी शासन व प्रशासन की ओर से क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को अनदेखा किए जाने पर अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। मामले को लेकर अब बेतालघाट के वाशिंदे बुधवार (आज) उप जिलाधिकारी दफ्तर श्री कैंची धाम में धरना प्रदर्शन करेंगे जिसके लिए उन्होंने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

इसी को लेकर बेतालघाट में एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में ज्वलंत समस्याओं यथा- शहीद बलवंत सिंह मेहरा मोटर मार्ग में हाटमिक्स निर्माण समेत रामनगर- गर्जिया- बेतालघाट कैचीधाम टू लेन मोटर मार्ग का निर्माण तथा दिल्ली- देहरादून -बेतालघाट कैंची धाम मार्ग पर रोडवेज बस का संचालन तथा मालिकाना हक व भूमिधरी अधिकार को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। सभी ने बैठक में एक स्वर में कहा कि अब मांगों को लेकर बुधवार (आज) उपजिलाधिकारी कार्यालय कैचीधाम में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्र होने के कारण यहां की भौगोलिक स्थिति भिन्न होने के कारण यहां की सामाजिक आर्थिक राजनीतिक व धार्मिक परिस्थितियां भिन्न हैं। पर्वतीय क्षेत्र में बसने वाले मूल निवासी शिल्पकार है जो अधिकांश आज भी भूमिहीन हैं ये लोग या तो वन ग्रामों में बसे हैं या फि र कुछ लोग हरिनगर गांवों में जो 1920 में मुन्शी हरि प्रसाद टम्टा के प्रयासों से बसाये गये थे। आश्चर्य की बात है कि इन ग्रामों में बसे इन लोगों को आजतक मालिकाना हक नहीं मिला है। आज भी सरकार की योजनाओं से ये वंचित हैं। राजनीति की बात करें तो वर्तमान में उत्तराखंड की विधान सभा में अनुसूचित जाति के तेरह विधायक हैं। उन्होंने कभी इसका जिम्मेदारी के साथ संज्ञान नहीं लिया जमीनी नेताओं ने जबकभी उनको वनग्रामों व हरिनगरों के निवासियों की इन समस्याओं से अवगत कराया भी तो कोरे आश्वासनों से आगे कुछ नहीं किया। आज कुछ बुद्धिजीवी लोग भूमि की इन विषयों का संज्ञान लेकर समाधान के लिए संकल्पबद्ध है।इस दिशा में वो जन प्रतिनिधियों, सामाजिक सक्रिय कार्यकर्ताओं, विधायकों व सांसदों से संपर्क स्थापित करेंगे। बैठक एस लाल, राजेन्द्र सिंह, शेखर दानी, विरेंद्र सिंह, केशर सिंह, नवीन चमकनी, इन्द्र बोहरा, खुशाल सिंह हाल्सी, कुलवंत सिंह जलाल, ईश्वर गोरखा, पूरन दरमाल, भागीरथी बर्मा, माया बोहरा, चंदन सिंह मेहरा, जीवन मेहरा, भुवन सिंह मेहरा, जीवन वर्मा, जसवंत सिंह, ठाकुर सिंह, नवीचंन्द, जीवन्ती, सीता देवी, हेमंती देवी, संजय बोहरा, एल डी पंत, नवीन पंत तथा हेमंत पांडे आदि मौजूद थे। संचालन पी. सी. गोरखा ने किया।

## फिल्मी दुनिया

# दुआओं में बड़ी ताकत होती है: सोनू सूद



*अभिनेता सोनू सूद ने उन लोगों का आभार जताया है जिन्होंने उनकी पत्नी के एक्सीडेंट के बाद उनके लिए प्रार्थना की। साथ ही सोनू ने पत्नी की हालत पर भी अपडेट दिया है। जानिए सोनू ने क्या कुछ कहा है। अभिनेता सोनू सूद की पत्नी सोनाली सूद का बीते सोमवार की रात को भीषण रोड एक्सीडेंट हो गया था, जिसमें उनको गंभीर चोटें आई थीं। हालांकि, वो खतरे से बाहर हैं। अब अभिनेता सोनू सूद ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी पत्नी की सेहत की जानकारी दी है। साथ ही दुआओं और प्रार्थनाओं के लिए लोगों का आभार भी जताया है। सोनू सूद ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने लिखा, दुआ में बड़ी ताकत होती है और हमने यह एक बार फिर महसूस किया है। आपकी प्रार्थनाओं और संदेशों के लिए बहुत-बहुत आभार। हम आपके समर्थन की वास्तव में सराहना करते हैं। सोनाली और परिवार के बाकी दोनों सदस्य अच्छे से ठीक हो रहे हैं। आपके प्यार और समर्थन के लिए हम हमेशा आपके आभारी रहेंगे।*

### ट्रक से टकराई थी सोनाली की कार

*सोनाली सूद का एक्सीडेंट नागपुर फ्लाईओवर पर हुआ था। जहां उनकी कार एक ट्रक से टकरा गई थी। जिस समय हादसा हुआ उस वक्त कार में सोनाली के साथ उनकी बहन और बहन का बेटा भी मौजूद था। उनकी कार सोनेगांव के पास वर्धा रोड पर पीछे से एक ट्रक से टकरा गई थी। खुशकिस्मती रही कि टक्कर के बाद एयरबैग खुल गए, जिससे ज्यादा गंभीर चोटें नहीं आईं। इसके बाद सोनाली और बाकी दोनों रिश्तेदारों को नागपुर में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज हुआ। सोनू सूद और सोनाली की शादी साल 1996 में हुई थी। कपल के दो बेटे भी हैं, जिनके नाम अयान और ईशांत हैं। सोनाली, सोनू सूद की आखिरी रिलीज फिल्म 'फतेह' में बतौर प्रोड्यूसर जुड़ी थीं।*

# कुमाऊं विवि में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

शहीद मेजर राजेश अधिकारी केंद्रीय पुस्तकालय कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत के मार्गदर्शन में एलसीवियर पब्लिशर के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इससे पूर्व कार्यशाला का शुभारंभ कुलसचिव डॉ मंगल सिंह मंद्रवाल समेत प्रो. चित्रा पांडे, प्रो. जीत राम, प्रो. हरीश बिष्ट व ऐश्वर्या नयाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ मंद्रवाल ने कहा कि शोधार्थी लगन से शोध करें तथा उसे बेहतर जर्नल में प्रकाशित करें जिससे उनका काम विश्व पटल पर पहचान बना सके। एलसीवियर टीम की ओर से सुश्री ऐश्वर्या नयाल ने प्रमुख वक्ता के रूप में रिसर्च वर्कफ्लो पब्लिशिंग स्ट्रेटेजिस्ट ऐंड जनरल एआइ इन स्कॉलरिली पब्लिकेशन विषय में शोध छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शोध लेखन एवं शोध में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रयोग की जानकारी प्रदान की एवं डीन साइंस प्रोफेसर चित्रा पांडे द्वारा छात्रों का सिद्धानलेखन में उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम की आयोजक डॉ उमंग ने कार्यशाला में उपस्थित सभी जनों का स्वागत किया तथा कार्यशाला की थीम प्रस्तुत की । कार्यक्रम का संचालन निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय प्रोफेसर ललित तिवारी ने किया।



## News कॉर्नर

### शादी शुदा व्यक्ति पर किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप

**रुद्रपुर।** कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने शादीशुदा व्यक्ति पर उसकी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया। महिला ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कह कि 19 मार्च को उसकी 17 वर्षीय पुत्री दोपहर अपने सारे सरकारी डक्युमेंट साथ ले घर से बिना बताये चली गयी है। महिला का आरोप है कि उसकी पुत्री को गुरजंदर सिंह हंजरा पुत्र ज्ञानी सिंह निवासी डिबडिबा गुरुद्वारे के पास, बिलासपुर अपने साथ बहला फुसलाकर भागकर ले गया है। उसका कहना है गुरजंदर सिंह हंजरा पहले से शादी शुदा है और एक बच्चे का बाप है। एसएसआई ललित मोहन रावल ने बताया कि पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### विपरीत दिशा में युवक को बाइक दौड़ाना पड़ा महंगा

**नैनीताल ।** नैनीताल की अपर मॉल रोड पर विपरीत दिशा में युवक को बाइक दौड़ाना चालक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने वाहन चालक युवक को फ टकार लगाते हुए चालानी कार्रवाई की। बता दें कि मंगलवार को कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत की ओर से नैनीताल की मॉलरोड का निरीक्षण किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान पुलिस भी यातायात व्यवस्था बनाने में जुटी हुई थी। इस दौरान एक युवक तेज गति में बाइक अपर मॉलरोड पर विपरीत दिशा से दौडाते हुए मल्लीताल की ओर आया। इस दौरान पुलिस ने युवक को रोका लेकिन वह नहीं रुका लेकिन टीएसआई हरीश फर्त्याल व एएसआई शंकर लाल ने उसको आगे जाकर उसे रोक लिया। पुलिस ने युवक को जमकर फ टकार लगाई जिसके बाद युवक ने अपनी गलती मान माफ ी मांग ली। एएसआई शंकर लाल ने बताया कि मल्लीताल निवासी इर्शाद के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

# भारी मशीनों के द्वारा खनन की अनुमति में अधिकारियों से सरकार प्लान प्रस्तुत करे

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने देहरादून के डोईवाला क्षेत्र में बहने वाली सुसुवा व एक अन्य नदी में भारी मशीनों के द्वारा खनन की अनुमति दिए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए अगली सुनवाई की तिथि 3 अप्रैल (बीरवार) नियत की है, तबतक कोर्ट ने सम्बंधित अधिकारियों से इस सम्बंध में सरकार को प्लान प्रस्तुत करने को कहा है।

बता दें मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान खनन अधिकारियों ने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि जो भी खनन हो रहा है वह रिवर ड्रेजिंग पॉलिसी में निर्धारित शर्तो के मुताबिक हो रहा है। राज्य सरकार समय समय पर इसकी मोनिटरिंग कर रही है जिससे कि रिवर बैड को कोई नुकसान न हो, लेकिन कोर्ट ने इसे बचाने के लिए अपना प्लान पेश करने को कहा। मंगलवार को सचिव खनन सहित अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। मामले के अनुसार देहरादून निवासी वीरेंदर कुमार व अन्य ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि राज्य सरकार ने देहरादून के डोईवाला क्षेत्र में बहने वाली सुसुवा व एक अन्य नदी में खनन कार्य करने के लिए भारी भरकम मशीनों की अनुमती दे दी है।

भारी मशीनों द्वारा खनन करने पर नदी का जल स्तर निचे बैठ गया है। साथ मे उनकी कृषि योग्य भूमि भी प्रभावीत हो गयी है। उनको सिंचाई के लिए पानी तक नही मिल पा रहा है। यही नही भारी मशीनों द्वारा खनन कार्य करने के कारण स्थानीय लोग बेरोजगार हो गए है। पहले उनको नदी में खनन करने से रोजगार मिल जाया करता था लेकिन जब से सरकार ने भारी मशीनों को खनन की अनुमति दी है तब से स्थानीय लोग बेरोजगार हो गए हैं। जनहित याचिका में उन्होंने कोर्ट से प्रार्थना की है कि भारी मशीनों से खनन कार्य करने पर रोक लगाई जायए उनकी कृषि योग्य भूमि को बचाया जाय और खनन कार्य मे स्थानीय लोगो को प्राथमिकता दी जाय न कि मशीनों को।

सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि वर्षात के दौरान नदी में भारी मात्रा में शिल्ट तथा गाद व बड़े बोल्डर व अन्य आ जाते हैं जिसकी वजह से नदी का रास्ता अवरुद्ध होकर अन्य जगह बहने लगता है। इसको हटाने के लिए मैन पावर की जगह मशीनों की जरूरत पडती है इसलिए सरकार ने जनहित को देखते हुए मशीनों का उपयोग करने की अनुमति दी ताकि नदी अपनी अविरल धारा में बहे लेकिन इसका विरोध करते हुए याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि इसका मुख्य कारण नदियों पर हुए अवैध खनन है।

# गदरपुर- दिनेशपुर- मटकोटा सेंट्रल रोड एंड इंफ्रास्ट्रर फंड के तहत 55 करोड रुपए मंजूरी

**हल्द्वानी/रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने बताया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गदरपुर- दिनेशपुर- मटकोटा मार्ग के निर्माण के लिए सेंट्रल रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के तहत 55 करोड रुपए मंजूरी मिल गई है। भट्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है। भट्ट ने बताया कि उनके द्वारा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गदरपुर- दिनेशपुर- मटकोटा मार्ग के निर्माण के लिए धनराशि आवंटित करने की अनुरोध किया गया था। जिसके तहत केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि उक्त सड़क मार्ग के निर्माण के लिए केंद्रीय रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के तहत वित्तीय वर्ष 2024- 25 के लिए 55 करोड रुपए की मंजूरी दी गई है। भट्ट ने प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी व केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है। भट्ट ने कहा कि जल्द लंबे समय से जर्जर पड़े इस मार्ग का पुनरोर्धार होगा।



# पिता पुत्र व दोस्त की एक साथ उठी अर्थी मोहल्ले में शोक की लहर

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

मौत के बाद बुधवार को जब पिता-पुत्र और पुत्र के जिगरी दोस्त के कफन में लिपटे शव पोस्टमार्टम हाउस से बाहर निकाले गए तो कलेजा दहल गया। मंगलवार को तीनों एक ट्रक की चपेट में आकर कुचल गए थे। बुधवार को तीनों शवों के पोस्टमार्टम कराए गए। पिता-पुत्र के शव उनके परिजन पैतृक निवास रायपुर उत्तर प्रदेश ले गए। जबकि तीसरे बच्चे का अंतिम संस्कार हल्द्वानी चित्रशिला घाट पर किया गया। मूलरूप से मलकपुर थाना भुता जिला बरेली उत्तर प्रदेश निवासी 35 वर्षीय जय सिंह मौर्या वर्ष 2020 में हल्द्वानी आए और हरिपुर नायक स्थित एक फार्म में काम करते थे। उनका 12 वर्षीय बेटा भूपेंद्र आठवीं कक्षा में पढ़ता था। पड़ोस में ही रायपुर थाना बीसलपुर जिला पीलीभीत उत्तर प्रदेश निवासी राम लड़ेते कश्यप अपने 12 वर्षीय बेटे शिवम के साथ रहते हैं। शिवम और भूपेंद्र एक साथ एक कक्षा में पढ़ते थे। मंगलवार को दोनों बच्चे जय सिंह के साथ घर से कॉपी-किताबें खरीदने निकले थे और कमलुवागांजा में रिलायंस मॉल के पास हादसे का शिकार हो गए। देर होने की वजह से तीनों के पोस्टमार्टम बुधवार को कराए गए। जय सिंह और उनके बेटे भूपेंद्र को उनके परिजन अपने साथ रायपुर ले गए, जहां उनके अंतिम संस्कार हुए। जबकि शिवम का अंतिम संस्कार उनके परिजनों ने चित्रशिला घाट पर किया।

# डॉ. खुल्लर प्रदेश अध्यक्ष व हरीश महासचिव बने

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

भारत विकास परिषद उत्तराखंड प्रदेश की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सत्र 2025-26 के लिए प्रदेश अध्यक्ष प्रो. डॉ विनय खुल्लर, महासचिव खटीमा के हरीश शर्मा एवम् वित्त सचिव सी ए अमित गंभीर को चुना गया। मनोनयन परिषद की केंद्रीय कार्यकारणी ने चयन किया।





प्रांतीय अध्यक्ष डॉ विनय खुल्लर ने बताया भारत विकास परिषद अखिल भारतीय स्तर पे निरंतर सेवा एवम् संस्कार के कार्यक्रम करता है प्रदेश स्तर पे शाखा एवम् सदस्यता विस्तार पे सघन कार्य किया जाएगा। केन्द्र के द्वारा निर्देशित सभी सेवा यथा चिकित्सा शिविर रक्तदान शिविर दिव्यांग सेवा शिविर पर्यावरण संरक्षण पे कार्य एवं संस्कार के भारत को जानो, राष्ट्रीय समूह गान एवं गुरु बंदन छात्र अभिनंदन आदि कार्यक्रमों में तेज़ी लाई जाएगी। मनोनयन पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट सुनील खेड़ा, राष्ट्रीय डॉ नितिन दालव, क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ तरुणशर्मा(आगरा),क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव नरेंद्र अरोड़ा, क्षेत्रीय वित्त सचिव आर के गुप्ता, क्षेत्रीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, क्षेत्रीय सचिव पाला मेहता, दीपक माहेश्वरी,राजेश अग्रवाल, डॉ दीपक बिस्ट, पाला मेहता, ममता खुल्लर, आलोक सक्सेना, अतुल राजपाल डॉ अभिषेक मित्तल , डॉ एन के मेहता , हरीश पांडेय, सुभाष गुप्ता, समर्थ अग्रवाल , अनिल अग्रवाल, प्रेम मदानआदि नवनिर्वाचित टीम को ने शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित की।

# 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के आठवें दिन जारी रहा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

देवभूमि उद्यमिता योजना उत्तराखंड के अंतर्गत 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के आठवें दिन यानी मंगलवार को जारी रहा।

कार्यक्रम के पहले सत्र में डॉ.किरण तिवारी (सहायक प्राध्यापिका महिला अध्ययन केंद्र हीरमेंटि परिसर कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल) ने कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे विद्यार्थियों को ऐपण कला के विषय में व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि कुमाऊं ऐपण एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और पारंपरिक प्रतीक है जो कुमाऊं की समृद्ध संस्कृति और परंपरा को दर्शाता है। इसका उपयोग न केवल एक उपयोगी वस्त्र के रूप में किया जा सकता है बल्कि यह एक महत्वपूर्ण सामाजिक और सांस्कृतिक प्रतीक भी है। दूसरे सत्र प्रो.ललित तिवारी (विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग डीएसबी परिसर नैनीताल तथा निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल) ने बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर प्रतिभागियों को व्याख्यान दिया।

उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार एक व्यक्ति या संगठन के मानसिक सृजन को सुरक्षित करने के लिए बनाए गए कानूनी अधिकार हैं। यह अधिकार व्यक्तियों और संगठनों को अपने मानसिक सृजन को सुरक्षित करने और उसका उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डा.विजय कुमार समेत प्रोजेक्ट आफिसर अभिषेक नंदन समेत प्रतिभागी मौजूद थे।



### युवक का शव कमरे के अंदर फंदे पर लटका मिला

**हल्द्वानी।** नगर में फेरी लगाकर कपड़े बेचने वाले युवक का शव कमरे के अंदर फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने मौत के मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार केसोपुरकला, थाना दातागंज, बदायूं निवासी 35 वर्षीय राजकुमार पुत्र शिपतार सिंह अपनी पत्नी के संग मंडी चौकी क्षेत्र में एक किराए के मकान में रहता था। मंगलवार को उसने शहर में फेरी लगाई और रात को घर आ गया। सुबह जब पत्नी की आंख खुली तो पति फंदे पर लटका मिला। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया है। मौत के मामले की जांच की जा रही है।

# कोर्ट ने अवैध खड़िया खनन मामले में खनन सामग्री की जानकारी मांगी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने कुमाऊं मंडल के बागेश्वर जिले की कांडा तहसील के कई गांवों सहित पूरे बागेश्वर जिले में हुए अवैध खड़िया खनन से आई दरारों के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर पंजीकृत की गई जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की।

याचिकाओं की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जीण्नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खण्डपीठ ने राज्य सरकार से खदानों में हाईकोर्ट की रोक के बाद बचे हुए खनन सामग्री की जानकारी मांगी है। खण्डपीठ ने मंगलवार को मामले की विस्तृत सुनवाई की और खनन अधिकारी से खदानों की विस्तृत जांच करने व पुलिस अधीक्षक से कोर्ट के पूर्व के आदेशों के पालन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए याचिका की अगली सुनवाई की तिथि 27 मार्च (बीरवार) नियत की है।

मामले के अनुसार पूर्व में कांडा तहशील के ग्रामीणों ने मुख्य न्यायधीश को पत्र भेजकर कहा था कि अवैध खड़िया खनन से उनकी खेतीबाडी व घर तथा पानी की लाइनें चौपट हो चुकी है। जो धन से सपन्न थे उन्होंने अपना आशियाना हल्द्वानी व अन्य जगह पर बना दिया है।

अब गावों में निर्धन लोग ही बचे हुए । उनके जो आय के साधन थे उनपर अब खड़िया खनन के लोगों की नजर टिकी हुई है। इस सम्बंध में कई बार उच्च अधिकारियो को प्रत्यावेदन भी दिए लेकिन उनकी समस्या का कुछ हल नही निकला इसलिए अब हम न्यायलय की शरण में आये हैं,उनकी समस्या का समाधान किया जाए।

# चिकित्सकों की मांगें नहीं मानी गयी तो करेंगे आंदोलन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

विभिन्न माध्यमों से बार-बार सरकार से आग्रह करने के बाद जब चिकित्सकों की मांगें नहीं मानी गयी तो अब उन्हें मजबूरन आंदोलन की राह पकड़नी पड़ रही है। जायज मांगों को लेकर अब लेकर चिकित्सकों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने का मन बना लिया है।

इसी सिलसिले में प्रांतीय चिकित्सक स्वास्थ्य सेवा संघ के बैनर तले चिकित्सकों ने वर्चुअल बैठक कर 11 अप्रैल (शुक्रवार) को देहरादून स्थित स्वास्थ्य निदेशालय का घेराव कर



धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। मंगलवार को वर्चुअल बैठक कर चिकित्सकों ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री व स्वास्थ्य सचिव पर्वतीय क्षेत्रों में तैनात चिकित्सकों को मेडिकल कॉलेज में तैनात विशेषज्ञ चिकित्सकों की तर्ज पर 50 प्रतिशत अतिरिक्त वेतन दिये जाने की स्वीकृति दे चुके हैं, मगर लंबा समय गुजरने के बाद भी यह दावा महज मंचों से घोषणा करने तक ही सीमित है।

विभाग की ओर से टिहरी मुख्यालय, अल्मोड़ा मुख्यालय तथा नैनीताल मुख्यालय व मसूरी जिले को सुगम की श्रेणी में शामिल कर लिया है जबकि इन जिलों में कार्यरत चिकित्सक दुर्गम क्षेत्रों की तरह ही ड्यूटी कर रहे है। कहा कि लंबे समय से एसडीएसीपी में शिथिलीकरण दिये जाने का मामला भी लंबित है जिस पर सरकार की ओर से कोई विचार नहीं किया जा रहा है। प्रांतीय चिकित्सक स्वास्थ्य सेवा संघ के अध्यक्ष डा. नरेंद्र सिंह रावत के मुताबिक बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश भर में 11 अप्रैल (शुक्रवार) को चिकित्सक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। सभी चिकित्सक देहरादून में एकत्रित होकर निदेशालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन करेंगे,जिसकी तैयारियां भी शुरु कर दी गयी हैं। दूसरी ओर संघ की प्रवक्ता डा.मोनिका जैन कांडपाल ने भी सभी चिकित्सकों से अपनी मांगों को लेकर संघ के बैनर तले चलाएं जा रहे आंदोलन में पूर्ण भागीदारी का आह्वान किया है।